# सतर्कता समिति में पानी, बिजली, सड़क सहित जनहित के प्रकरण दर्ज करें : जैन

**बीकानेर,** (कासं)। जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में ग्यारह प्रकरणों पर अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के संबंध में सभी अधिकारी नियम सम्मत, गंभीरतापूर्वक और समयबद्ध कार्यवाही करें। प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की सूचना भी समय पर दी जाए। उन्होंने कहा कि समिति में पानी, बिजली, सड़क सहित जनहित से जुड़े अधिक से अधिक प्रकरण दर्ज करें, जिससे आमजन को इसका लाभ हो। नोखा के वार्ड नंबर 28 में पेयजल की गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त सप्लाई नहीं होने के प्रकरण में जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग की टीम को मौका मुआयना करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बीकानेर शहर के शास्त्रीनगर में नाला कवर करने के प्रकरण में नगर निगम और सार्वजनिक निर्माण विभाग को आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

वहीं विभिन्न उपखण्डों से जुड़े प्रकरणों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रीना, समिति के नव मनोनीत सदस्य खुशबू रतावा, नरेश कुमार नायक, डॉ. अशोक कुमार मीणा, कुम्भाराम सिद्ध, मोहन सुराणा, मुमताज अली भाटी, पूर्व प्रधान कन्हैयालाल सियाग, पूर्व महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित तथा जालम सिंह भाटी मौजूद रहे। वहीं समस्त उपखण्डों से भी अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। वहीं नोखा उपखंड कार्यालय के वीसी कक्ष में एसडीएम निधि उड़सरिया की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक हुई। राजस्थान सरकार के जन अभाव अभियोग निराकरण विभाग के निर्देशों और जिला कलेक्टर बीकानेर के आदेशों के तहत आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और समिति सदस्यों ने हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आमजन की जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण, विभागों के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना और राजस्थान संपर्क पोर्टल के लंबित मामलों की समीक्षा करना था। एसडीएम निधि उड़सरिया ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

बैठक में राजस्व, पुलिस, पेयजल, बिजली और पंचायती राज जैसे प्रमुख विभागों से जुड़ी शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर जोर दिया गया। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए, जिनमें दो या अधिक विभागों के समन्वय की आवश्यकता होती है। इनमें रास्ता खुलवाने के विवाद, नई पेयजल लाइन बिछाना, बिजली पोल लगवाना और जर्जर लोहे के बिजली पोल बदलवाना शामिल हैं।

बीकानेर कलेक्टर निशांत जैन ने जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक को संबोधित किया।

- बैठक में राजस्व, पुलिस, पेयजल, बिजली और पंचायती राज जैसे प्रमुख विभागों से जुड़ी शिकायतों के प्रभावी निस्तारण पर जोर दिया

## महिला से सोने का लॉकेट छीनने वाला गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के संगरिया थाना पुलिस ने एक महिला से सोने का लॉकेट झपटकर फरार होने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान माणक टिब्बी निवासी राजीव कुमार (28) के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया सोने का लॉकेट बरामद कर वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी जब्त कर ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को संगरिया निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 20 जुलाई को वह भगतपुरा रोड से दूध लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक ने उनसे बातचीत में उलझाकर उनके गले से सोने का लॉकेट झपट लिया।

इस संबंध में संगरिया थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए गुरूवार को राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी राजीव कुमार के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट, चोरी और छीनाझपटी सहित विभिन्न धाराओं में तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में एएसआई विजय सोनी, नोरंगलाल, कानि. चेतराम और विजय कुमार शामिल थे।

## सार-समाचार

### ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म वं एआई डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी दी

एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक तरूण भटनागर ने एआई डिजीटल प्लेटफार्म की जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। आरबी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बीकानेर में एमएसएमई विकास कार्यालय जयपुर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों, महिलाओं एवं युवाओं को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत उपलब्ध कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल सशक्तिकरण, विपणन सहायता एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। साथ ही प्रतिभागियों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे फ्लिपकार्ट, वॉलमार्ट मार्केट प्लेस तथा एआई आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी देते हुए ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग एवं डिजिटल माध्यम से व्यवसाय को बढ़ाने के तरीकों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभ, आवेदन प्रक्रिया, कौशल उन्नयन, उद्यमिता विकास, डिजिटल साक्षरता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उपस्थित प्रतिभागियों ने योजना के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को समझा तथा अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर एमएसएमई विकास कार्यालय, जयपुर के सहायक निदेशक तरूण भटनागर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न प्रावधानों, लाभों एवं स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाभार्थियों को डिजिटल माध्यमों एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए भी प्रेरित किया। जिला उद्योग केन्द्र बीकानेर जिला महाप्रबंधक मंजू नैण ने राजस्थान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### बागवानी मिशन में 171.75 लाख के परियोजना प्रस्ताव मंजूर

उद्यानिकी गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संयुक्त निदेशक (उद्यान) डॉ धर्मवीर डूडी ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। कृषि व उद्यानिकी आयुक्त के निर्देशों की अनुपालना में बीकानेर खण्ड के संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. धर्मवीर डूडी की अध्यक्षता में कृषि भवन परिसर स्थित उद्यान कार्यालय में उद्यानिकी गतिविधियों की समीक्षा बैठक में उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। उप निदेशक उद्यान (अनुसंधान) एटीसी प्रेमाराम ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि, सूक्ष्म सिंचाई योजना इत्यादि में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्राप्त कार्य योजना व लक्ष्यों के विरूद्ध अर्जित प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 171.75 लाख रूपए के परियोजना प्रस्ताव जिले के लिए स्वीकृत हुए हैं। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत बगीचा स्थापना, सामुदायिक जल स्त्रोत, पॉली हाउस, शेडनेट हाउस, हाई वेल्यू वेजिटेबल्स, प्लास्टिक मलचिंग व वर्मी कम्पोस्ट संरचना निर्माण पर देय अनुदान से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 6479 हैक्टेयर की कार्य योजना स्वीकृत हुए हैं। सूक्ष्म सिंचाई योजना में ड्रिप 32 हैक्टेयर, मिनी फव्वारा 454 हैक्टेयर व फव्वारा 5993 हैक्टेयर में प्राप्त लक्ष्य, किसानों को 70-75 अनुदान से लाभान्वित किया जा रहा है। समीक्षा बैठक में उद्यानिकी विभाग अधिकारी राजेश गोदारा, रमेश भांभू, जोधराज काली रावणा, विजय कमार बलाई, लक्ष्मण सिंह शेखावत, लीला विश्नोई, मो. इस्माइल, जगवीर बेनीवाल, अनिरूद्ध विश्नोई, अशोक गोदारा, धर्मपाल, बी. एल. सैनी, ओ.पी. गोदारा, करणीदान इत्यादि मौजूद थे।

### गुरू भक्ति तप और आत्मशुद्धि के संकल्प से गूंजे जिनालय

**बीकानेर,**(कासं)। चातुर्मास के शुभारंभ के साथ ही बीकानेर का जैन समाज पूरी तरह धर्म आराधना, गुरू भक्ति और आत्मशुद्धि की साधना में रम गया है। शहर के विभिन्न जिनालयों, पौषधशाला और उपाश्रयों में बुधवार को व्रत-नियम, स्वाध्याय, पूजा, दर्शन-वंदन और मंत्र जाप का वातावरण बना रहा। साधुमार्गी, तपागच्छ, खरतरगच्छ, तेरापंथ, पार्श्व चंद्र एवं अन्य जैन परंपराओं के साधु-साध्वीवृंद के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने चातुर्मास को आत्म कल्याण का श्रेष्ठ अवसर मानते हुए तप एवं संयम का संकल्प लिया। छबीली घाटी स्थित सेवा सदन में आयोजित समर्पण महोत्सव-2026 में अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ हुक्मगच्छ के नवम पट्टधर आचार्य रामलाल के सानिध्य में दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन-वंदन कर मंगल पाठ का श्रवण किया। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 50 से अधिक साधकों ने तेले तप की कठिन आराधना प्रारंभ की। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में काम, क्रोध, लोभ और मोह का त्याग कर नियमित जप, तप और स्वाध्याय करना चाहिए। इससे आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। रांगड़ी चौक स्थित तपागच्छीय पौषधशाला में आत्मानंद जैन सभा चातुर्मासिक समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन में गुरू का सानिध्य जीव को अज्ञान से निकालकर मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करता है। साध्वी प्रीति रत्ना ने गुरु पूर्णिमा के प्रसंग पर कहा कि आध्यात्मिक गुरू ही जीवन को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त करने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने एकलव्य और गौतम स्वामी के उदाहरणों से समर्पण, आज्ञापालन और गुरू भक्ति का महत्व समझाया। दोनों स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने तप-आराधना, आयंबिल, उपवास और अन्य व्रतों के लिए पंजीकरण कराया। सेवा समितियों की ओर से बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा और साधना की समुचित व्यवस्थाएं भी की गई। आगामी दिनों में णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप, विशेष पूजा, तप आराधना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा।

# कोलायत में स्टेट हाईवे पर टैक्सी लूट के तीन आरोपी दबोचे

**बीकानेर,** (कासं)। कोलायत थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे-पर टैक्सी लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी वारदात के बाद से ही अपने मोबाइल बंद कर लगातार ठिकाने बदल रहे थे। लेकिन पुलिस ने मोबाइल टावर की सेल आईडी, डंप डाटा और करीब 100 सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनका पीछा करते हुए हनुमानगढ़ जिले के संगरिया क्षेत्र से पकड़ लिया। तीनों आरोपियों को गुरूवार को कोर्ट में पेश किया।

कोलायत सीओ संग्राम सिंह ने बताया- 22 जुलाई को स्टेट हाईवे-87ए पर टैक्सी लूट का मामला दर्ज हुआ था। घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन बंद कर अलग-अलग स्थानों पर छिपते रहे। कोलायत निवासी गणेश राणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 जुलाई की रात वह रेलवे स्टेशन से कुछ सवारियों को लेकर खाखूसर की ओर जा रहा था। रास्ते में सवारियां बार-बार टैक्सी रूकवाने की बात कह रही थी। विरोध करने पर आरोपियों ने खाखूसर के पास उसकी आंखों में मिर्च डाल दी। मारपीट की और उसे टैक्सी से नीचे उतारकर वाहन लूटकर फरार हो गए। मामले में एक महिला सहित छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

कोलायत सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। साथ ही मोबाइल टावर की सेल आईडी, डंप डाटा और साइबर एक्सपर्ट की मदद से आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी जोधपुर और पंजाब में छिपने के बाद हनुमानगढ़ के संगरिया क्षेत्र पहुंच गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने वहां दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लूटी गई टैक्सी बरामद भी कर ली जायेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि खेतों, खदानों, ईंट-भट्टों, घरों या अन्य स्थानों पर किसी भी बाहरी व्यक्ति को काम पर रखने से पहले उसका पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी सलाह दी गई है।

कोलायत सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि यह घटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। वारदात के बाद पुलिस टीम ने गुप्त रूप से लगातार काम करते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई।

- आंख में मिर्ची डाल कर की थी टैक्सी लूट की वारदात, मारपीट कर टैक्सी से नीचे उतारकर वाहन लूटकर फरार हो गए थे

## खारा औद्योगिक क्षेत्र में 500 पौधे रोपे

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार हरियाली राजस्थान अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं औद्योगिक क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के हरित स्वरूप देने में श्री बाबा रामदेव सेवा समिति व खारा ग्रोथ सेन्टर संघ की के पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्री बाबा रामदेव सेवा समिति कि विवरण पत्रिका का विमोचन किया गया है। कार्यक्रम में 500 पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर रीको से जय सारण व जीशान अली, एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल अंकित एंव प्रीती मैडम ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के खारा ग्रोथ सेन्टर के अध्यक्ष प्रविन्दर सिंह राठौड़, सचिव प्रकाशजी सोनावत, अरूण कुमार बांठिया, लघुभारति बीकानेर अध्यक्ष राजेशजी गोयल व प्रकाश नवाहल, श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह, विजयराज बोथरा, दयाराम, मामराज, सुभाष, भंवर सिंह सांखला, राजेन्द्र बिश्नोई, लालुराम, जयकिशन, गोपी किशन, रामकिशोर आदि मौजूद थे।

# प्रिंसिपल ने विदाई से पहले मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि दी

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ ब्लॉक के गांव भगवानसर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में गुरूवार को आयोजित विदाई समारोह में प्रिंसिपल जसवंत सिंह सिंवर ने अपने कार्यकाल के दौरान किया गया वादा निभाते हुए मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

शिक्षा, अनुशासन और नवाचारों के लिए चर्चित रहे अपने 11 माह के कार्यकाल के समापन पर उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग का संदेश भी दिया। समारोह के दौरान प्रिंसिपल सिंवर मंच से नीचे उतरे और स्वयं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की।

यह भावुक और प्रेरणादायक पल समारोह में मौजूद विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों के लिए विशेष आकर्षण रहा। प्रिंसिपल सिंवर ने छात्रा राधा को आगामी चार वर्षों की पढ़ाई के लिए 2100 रूपए की सहायता राशि प्रदान की। कक्षा 12 वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली रोशनी को 1100 रूपए दिए गए। वहीं बबीता, विशाल, अंजलि और सन्नी सहित अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 500-500 रूपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल परिवार और ग्रामीणों ने प्रिंसिपल सिंवर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में स्कूल में शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन और नवाचारों को नई दिशा मिली। प्रिंसिपल शशिबाला और स्कूल स्टाफ ने सिंवर द्वारा शुरू किए गए सकारात्मक कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

अपने संबोधन में जसवंत सिंह सिंवर ने कहा कि भगवानसर स्कूल और यहां के विद्यार्थियों से उनका रिश्ता हमेशा बना रहेगा।

- भगवानसर स्थित रा. उ. मा. विद्यालय से हमेशा जुड़े रहने का संकल्प लिया

# श्रीगंगानगर में तेज बारिश से खेत लबालब

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन सिस्टम के असर से श्रीगंगानगर में गुरूवार सुबह करीब 3 बजे तेज बारिश हुई। आसमानी बिजली की चमक और गड़गड़ाहट के साथ करीब एक घंटे तक बारिश हुई।

तेज बारिश से सड़कें, गलियां और खेत पानी से भर गए। कई इलाकों में जलभराव हो गया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने जिले में 2 अगस्त तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। गुरूवार सुबह करीब 3 बजे आसमानी बिजली की चमक और तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई।

करीब एक घंटे तक अच्छी बारिश हुई। बारिश रूकने के बाद मौसम सुहावना हो गया। खेतों में खड़ी फसलों के लिए भी यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। तेज बारिश के बाद बुधरवाली अंडरब्रिज में पानी भर गया। इससे लोगों को अपने वाहन निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश रूकने के बाद भी आसमान में बादलों की आवाजाही बनी हुई है। जिले के कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है। मौसम विभाग ने श्रीगंगानगर जिले में 2 अगस्त तक तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

- तेज बारिश से बुधरवाली अंडरब्रिज में पानी भरने पर लोगों को वाहन निकालने में परेशानी हुई

## भाजपा देहात पदाधिकारियों की नियुक्ति

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक अविनाश जोशी के निर्देशानुसार तथा भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की सहमति से भाजपा आईटी विभाग बीकानेर देहात के जिला संयोजक सुरेन्द्र स्वामी ने जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की है।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि निशा लिम्बा, श्रवण खीचड़, रेवंत सैन एवं नरेन्द्र चौहान को जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं अमित गोयल, जगदीश गोदारा, चंद्रमोहन डाल, गणपत गोदारा, रूपाराम बावरी, मांगूसिंह राजपूत एवं जयदयाल सुथार को जिला सदस्य मनोनीत किया गया है।

# आरक्षण लॉटरी पर टिकी निकाय अध्यक्ष पद की दावेदारी

**अनूपगढ़,** (कासं)। राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में नगर निकाय चुनाव का संभावित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने के बाद अनूपगढ़ में चुनावी माहौल गर्माने लगा है। हालांकि चुनाव की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

फिलहाल स्थानीय राजनीति का केन्द्र नगरपालिका अध्यक्ष पद और वार्डों के आरक्षण की लॉटरी बनी हुई है। क्योंकि इसी के बाद चुनावी समीकरण स्पष्ट होंगे। अनूपगढ़ नगर पालिका में पिछले पांच कार्यकाल से सामान्य वर्ग को अध्यक्ष पद नहीं मिला है। वर्ष 1995 में अशोक नागपाल के अध्यक्ष बनने के बाद से सामान्य वर्ग का कोई उम्मीदवार इस पद तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में इस बार आरक्षण की लॉटरी को लेकर सामान्य वर्ग के संभावित दावेदारों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। अधिकांश इच्छुक उम्मीदवार फिलहाल चुनावी रणनीति बनाने के बजाय आरक्षण की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। नगर निकाय चुनाव के नियमों के अनुसार सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्गों के लिए आरक्षण लागू रहेगा। साथ ही सभी श्रेणियों में 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

अध्यक्ष पद और पार्षद वार्डों का आरक्षण भी लॉटरी प्रक्रिया के जरिए तय किया जायेगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि लॉटरी के बाद कई वार्डों की चुनावी तस्वीर बदल सकती है। जिससे नए चेहरों को मौका मिलेगा और कुछ पुराने दावेदारों को इंतजार करना पड़ सकता है। राज्य निर्वाचन विभाग की संभावित रूपरेखा के अनुसार नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना करीब 17 अगस्त को जारी हो सकती है। हालांकि अंतिम कार्यक्रम की घोषणा निर्वाचन विभाग की ओर से की जायेगी।

- नगर निकाय चुनाव का संभावित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने के बाद अनूपगढ़ में चुनावी माहौल गर्माने लगा

# किसानों को फल-सब्जियों में कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग का प्रशिक्षण दिया

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) के अंतर्गत 'फल एवं सब्जियों में रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग' विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित, संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण फल एवं सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देना। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. धुरेन्द्र सिंह, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन व्याख्यान में कीटनाशक अवशेषों से मुक्त शुष्क क्षेत्रीय फल एवं सब्जियों के सुरक्षित उपभोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को अपने खेतों में सुरक्षित उत्पादन अपनाने तथा परिवार के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं स्वस्थ उत्पाद उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. एस. के. माहेश्वरी, विभागाध्यक्ष, फसल उत्पादन ने शुष्क क्षेत्रों की प्रमुख फल एवं सब्जी फसलों में होने वाले प्रमुख रोगों के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी तथा समय पर रोगों की पहचान एवं समुचित नियंत्रण उपाय अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. आर.पी. मीना, वरिष्ठ वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान) ने खेतों में कीटनाशकों के सुरक्षित प्रयोग, अनुशंसित मात्रा, छिड़काव की वैज्ञानिक विधि, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा प्रतीक्षा अवधि के पालन की विस्तृत जानकारी दी। उसी प्रकार डॉ. एम. के. जाटव, प्रधान वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) ने कृषि रसायनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर बल देते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. बी. आर. चौधरी, विभागाध्यक्ष, फसल सुधार ने सब्जी फसलों में कीटनाशकों के सुरक्षित एवं सही उपयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुशंषाओं का पालन करने से उत्पादन की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

फल एवं सब्जियों में रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग पर प्रशिक्षण को डॉ. धुरेन्द्र सिंह ने सम्बोधित किया।

## कलेक्टर-एसपी ने तैयारियों का जायजा लिया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है। जिला कलेक्टर निशान्त जैन और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रमुख कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया।

अधिकारियों ने डॉ. करणी सिंह स्टेडियम पहुंचकर मुख्य समारोह स्थल का निरीक्षण किया। यहां टैंट, साउंड सिस्टम, सुरक्षा, ट्रैफिक, प्रवेश व निकास द्वार तथा अति विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सिद्धार्थ पलनीचामी, जिला परिषद सीईओ शैलजा पांडे, एडीएम उम्मेद सिंह रतनू, रीना, एएसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़ सहित पीडब्लयूडी, निगम और बीडीए के अधिकारी उपस्थित रहे। एट होम और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल भी देखे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

निविदा संख्या-उपरे-एस सी-बी के एन-02-2026-27 ईपीसी दिनांक 14.07.2026 का

**प्रथम शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना संख्या NWR-SC-BKN-02-2026-27-EPC दिनांक 14.07.2026 जो "उत्तर पश्चिम रेल्वे के बीकानेर रेलवे स्टेशन का ईपीसी मोड पर प्रमुख उन्नयन का कार्य" के कार्य के लिए है, के निविदा दस्तावेज में कई बदलाव किए गए हैं और ज़रूरी संशोधन (corrigendum) IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। संशोधनों की पूरी जानकारी IREPS वेबसाइट पर देखी जा सकती है। सभी बोली लगाने वालों से अनुरोध है कि वे अपना ऑफर जमा करने से पहले सुधार (corrigendum) को ज़रूर देख लें।

संख्या – उपरे – एस सी –बी के एन –02–2026–27– ईपीसी दिनांक 29.07.2026

1110-CQ/26 उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें